an>

Title: Regarding increasing incidents of disrespect to religious text in Punjab.

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर) : अध्यक्ष महोदया, भारत देश के संविधान के अनुसार हमारा देश धर्मनिरपेक्ष देश है, यहां सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है, लेकिन दुःख की बात है कि पिछले समय से पंजाब में हमारे महान गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी हो रही है। पिछले साल गुरु ग्रंथ साहिब की मोगा, फरीदकोट और तरणतारण में बेअदबी हुई है, प्रोटेस्ट हुए और बहुत सारी मौतें भी हुई, लेकिन अब यह दोबारा शुरू हुई है, जो आम आदमी पार्टी है, उसके लीडर्स ने, उसके लोगों ने अपने इलेक्शन का जो मैनिफेस्टो बनाया है, उसमें दरबार साहिब की तस्वीर लगा कर अपने इलेक्शन का सिम्बल झाडू लगाया है। इससे हमारे सिख जाति के जो लोग हैं, गुरु ग्रंथ साहिब को मानने वाले जो लोग हैं, उनमें बड़ी भारी रोष है, उनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है।

इसके अलावा अभी एक और बड़ी इन्सिडेंट हुई है, अभी कश्मीर की भी बात हुई है, मलेरकोटला पंजाब का एक शहर है, जहां तमाम आबादी मुस्लिम भाईचारे की आबादी है और वहां हमेशा शांति रही है। इवन, जब देश का बंटवारा हुआ, तब भी यह शहर शांत रहा, इसमें कोई इन्सिडेन्ट नहीं हुई, लेकिन दुःख की बात है कि पिछले दिनों कुरान-शरीफ की वहां बेअदबी की गई और तीन मुल्जिम पकड़े गये। उनमें से एक मुलजिम ने बयान दिया कि उसे दिल्ली के महरौली विधान सभा क्षेत्र के एमएलए ने एक करोड़ रुपया यह काम करने के लिए दिया है। मैं समझता हूं कि इससे गंभीर बात नहीं हो सकती है कि एक पार्टी का विधान सभा का सदस्य एक करोड़ रुपया देकर कुरान शरीफ की बेअदबी कराए। इस बात से पंजाब और पंजाब के आस पास के क्षेत्रों में मुस्लिम भाईचारे में बहुत भारी रोष है। पंजाब में पहले ही लॉ एंड आर्डर तथा शांति की व्यवस्था काफी कमजोर है। वहां 300 से ज्यादा गैंगस्टर अपने गैंग ओपरेट कर रहे हैं। ऐसे समय में अगर ऐसी घटनाएं होंगी तो पंजाब में अमन-शांति को भारी खतरा होगा। मेरा अनुरोध है कि मलेरकोटला की घटना में भारत सरकार इंटरवीन करे और सी.बी.आई. की इंक्वायरी हो तथा जो लोग दोषी हैं, उन पर तुरंत कार्यवाही की जाए।

माननीय अध्यक्ष:

कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को श्री संतोख सिंह चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।